आइआइएम रांची के निदेशक सेवानिवृत्त प्रो प्रदीप कुमार होंगे प्रभारी निदेशक

रांची . आइआइएम रांची के निदेशक प्रो डॉ शैलेंद्र सिंह सोमवार को सेवानिवृत्त हुए. कार्यकाल के अंतिम दिन प्रभारी निदेशक का पदभार प्रो प्रदीप कुमार बाला को सौंपा. बताया गया कि नये निदेशक का चयन नियुक्ति प्रक्रिया से होगा. डॉ शैलेंद्र अब आइआइएम लखनऊ से जुड़कर शेष दो माह का कार्यकाल पूरा करेंगे. इस दौरान उन्होंने शिक्षकों व विद्यार्थियों को झारखंड की विकास यात्रा में हर संभव सहयोग करने की बात कही. संवाददाताओं से बातचीत में पांच वर्ष के कार्यकाल पर चर्चा की. प्रो शैलेंद्र सिंह ने कहा कि 12वीं के बाद ही विद्यार्थी आइआइएम रांची से जुड़ सकें, इसके लिए पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स की शुरुआत की. साथ ही अगले दीक्षा समारोह में डॉक्टरल डिग्री हासिल करनेवाले टॉपर शोधार्थी को डॉ शैलेंद्र सिंह बेस्ट डॉक्टरल थेसिस का मेडल दिया जायेगा.



डॉ शैलेंद्र सिंह

Prabhat Khabar_08.03.2022_Pg. 02